Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding missing of an Indian employed in a shipping company in Dubai.

श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल): अध्यक्ष जी, मेरा विषय कुछ और था, लेकिन यह घटना अभी घटित हुई है, इसलिए आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं । श्री आयुष चौधरी, पुत्र श्री अनूप चौधरी निवासी कोटद्वार, वर्तमान जे-46 सैक्टर-22, नोएडा, उत्तर प्रदेश में रहते हैं, जो कि दुबई की शिपिंग कम्पनी में दो माह पूर्व नियुक्त हुए थे । शिप दुबई से ईरान पहुंचा और पोर्ट के समीप खड़ा था । बताया गया कि आयुष चौधरी मिसिंग हो गया है । शिप के कप्तान मास्टर द्वारा दिनांक 17.7.2019 को रात्रि 11 बजे परिवार वालों को फोन पर बताया गया कि आयुष चौधरी पिंक रोज शिप में कार्य कर रहा था और वह अचानक समुद्र में गिर गया । आयुष चौधरी को बचाने का प्रयास किया, किंतु तेज लहर उसे बचा नहीं पाई और वह मिसिंग हो गया ।

महोदय, आज दस दिन बाद भी यह पता नहीं कि वह कहां है । मास्टर द्वारा भेजी गई रिपोर्ट भी संदिग्ध पाई जाती है । यह शक है कि बेटा शिप में है या कहां है? इन निम्न बिंदुओं की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं । जिस कम्पनी द्वारा भेजा गया, प्रथम कम्पनी बोकर प्रांजल पुंडीर डायरेक्टर आरएएस शिपिंग कम्पनी लिमिटेड सैक्टर-15 नोएडा मे है । इस कम्पनी की छानबीन की जाए कि वह बच्चा कहां गया । परिवार परेशान है । जब तक बच्चे का पता नहीं चल जाता, तब तक शिप वहां रहे । मैं आपके माध्यम से विदेश मंत्रालय से कहूंगा कि मामले की जांच की जाए ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री तीरथ सिंह रावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।